# डिबेट में किया अहिल्याबाई का गुणगान



**जबलपुर.** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाकोशल में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के अंतर्गत देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 जयंती के उपलक्ष्य में वाद-विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। आयोजन में प्रतिभागियों ने अहिल्यादेवी के कुशल नेतृत्व, न्याय की देवी के रूप में उनकी पहचान को तथ्यों में समाहित किया। प्रतियोगिता में 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें प्रथम नीरज रजक, द्वितीय सरगम राय और तृतीय अदिति सिंह रहीं। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. आभा पाण्डे, डॉ. ज्योति जुनगरे मौजूद थीं। जजमेंट डॉ. विभा चौधरी, डॉ. कविता शाक्य, डॉ. कुसुम लता ने किया।